भोपाल, शनिवार
03
मई 2025

# Sahaj yog news

वर्ष : 01 | अंक : 24
rakeshthakur93346@gmail.com
Whatsapp No : 8517002540
DigitalEpaper:sahajyognews.com






मानव में कोविड के बाद भी कोई परिवर्तन नहीं है अभी भी लोग पैसे माया के प्रभाव में ईश्वर को भूल गए हैं और हार्ट अटैक अस्थमा high bp low bp के शिकार हो रहे है। एकमात्र सहज योग साधना द्वारा सभी प्रॉब्लम से मुक्त हो सकते है देखते रहे sahaj yog news.com



मानव देह और सूक्ष्म देह में स्थित सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति का एकमात्र मार्ग sahaj yog ध्यान कल शाम 4बजे deep meditation live होगा देखते रहे sahaj yog news.com



संपूर्ण रोगों से मुक्ति के लिए सहज योग साधना पद्धति को अपने जीवन में अपना ने से संपूर्ण जीवन शुद्ध पवित्र और निर्मल हो जाता हैं और मानव देह में स्थित होते हुए मानव ईश्वर को प्राप्त होता है।



Deep meditation camp indore tomor-row कल शाम 4बजे से हार्ट अटैक अस्थमा high bp low bp पर संपर्क करें 8517002540

### स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए हर स्तर पर हो समन्वय

# निर्माण कार्यों में गति लायें, समय पर करें भुगतान : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल।**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अधोसंरचना विकास कार्यों में गति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर चिंता जताते हुए निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि कार्यों की गति बनी रहे और गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की अधोसंरचना विकास संबंधी कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, सशक्त और जनहितकारी बनाने के लिए अधोसंरचना, मानव संसाधन, उपकरण, प्रबंधन और तकनीकी सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों की सतत निगरानी करें और सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण संस्थानों का संचालन प्रारंभ नहीं हो पाता, जो कि अत्यंत चिंताजनक है।



उन्होंने इस स्थिति को सुधारने के लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए और कहा कि भविष्य में संचालन में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए मैनपॉवर की उपलब्धता बढ़ाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

# मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने श्री नरेंद्र सलूजा के दुखद निधन पर जताया शोक

**भोपाल।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा का बुधवार को इंदौर में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल ने शुक्रवार को इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश सगंठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने श्री नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री नरेंद्र सलूजा की अंतिम यात्रा आज प्रातः 11 बजे उनके निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर से रीजनल पार्क मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्री नरेंद्र सलूजा को उनके पुत्र श्री मीत सलूजा ने मुखाग्नि दी।



#### श्री सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे -डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री नरेंद्र सलूजा के निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री नरेंद्र सलूजा का असामयिक निधन भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी क्षति है। श्री सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे। पार्टी ने एक होनहार व्यक्ति को खो दिया है यह दुखद है। मैं भगवान महाकाल से कामना करता हूं कि श्री सलूजा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

#### श्री सलूजा का हमारे बीच से जाना पार्टी के लिए बड़ी क्षति-श्री विष्णुदत्त शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने श्री नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा श्री नरेंद्र सलूजा का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। पार्टी ने एक अच्छे वक्ता को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

#### पंचतत्व में विलीन हुए श्री सलूजा

श्री नरेंद्र सलूजा की अंतिम यात्रा शुक्रवार को प्रातः 11 बजे निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर से रीजनल पार्क पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक श्री गोपीकृष्ण नेमा, जिला अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री निशांत खरे, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती गुंजन चौकसे, इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार श्री राकेश अग्निहोत्री, श्री नितेन्द्र शर्मा, श्री सुधीर दंडोतिया, श्री अश्विनी जोशी, पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा, श्री प्रमोद टंडन सहित पार्टी कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में समाजजन व इंदौर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एकात्म पर्व का हुआ समापन

भोपाल। माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित ओंकारेश्वर आज एक दिव्य और आध्यात्मिक समागम का साक्षी बना। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।




# जीतू पटवारी : मध्य प्रदेश कांग्रेस में नई जान फूंकने वाला नेतृत्व

**भोपाल।**

मध्य प्रदेश की सियासत में जीतू पटवारी एक युवा और जोशीले नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया है। दिसंबर 2023 में अध्यक्ष पद संभालने के बाद से, पटवारी ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने और पार्टी को एकजुट करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। उनकी सक्रियता, जनता से सीधा जुड़ाव और सकारात्मक दृष्टिकोण ने कांग्रेस को फिर से एक लड़ाकू ताकत के रूप में उभारने की कोशिश को बल दिया है। आइए, देखें कि कैसे जीतू पटवारी मध्य प्रदेश कांग्रेस में 'जान फूंक' रहे हैं।

#### जमीनी स्तर पर सक्रियता: कार्यकर्ताओं का जोश

जीतू पटवारी का नेतृत्व कार्यकर्ता-केंद्रित रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं के साथ उनकी नियमित बैठकें, उनके सुझावों को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना, यह दर्शाता है कि वे संगठन को सक्रिय और जीवंत बनाना चाहते हैं। उनके सिलसिले वार दौरों और रैलियों ने न केवल कांग्रेस की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का काम किया, बल्कि कार्यकर्ताओं को भी एक मंच प्रदान किया, जिससे वे जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें। पटवारी ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी प्रभावी उपयोग किया है। वे नियमित रूप से कार्यकर्ताओं और जनता के साथ ऑनलाइन संवाद करते हैं, जिससे युवा वर्ग में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। उनकी यह रणनीति आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप है और कार्यकर्ताओं को यह भरोसा दिलाती है कि उनका नेतृत्व हर कदम पर उनके साथ है।

#### सकारात्मकता और एकजुटता: संगठन में नई ताकत

जीतू पटवारी ने अपने नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस को एकजुट करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी नई कार्यकारिणी में संपूर्ण मध्यप्रदेश के नेताओं को शामिल कर उन्होंने यह संदेश दिया कि कांग्रेस अब एक मंच पर एकजुट होकर लड़ेगी। इस कदम ने संगठन में नई एकता का संचार किया है, और कार्यकर्ताओं में यह विश्वास जगा है कि पार्टी अब एक साझा लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। पटवारी बार-बार कार्यकर्ताओं को सकारात्मक रहने की नसीहत देते हैं। वे नकारात्मकता को दूर करने, एक-दूसरे पर विश्वास बढ़ाने और आपसी सहयोग के जरिए पार्टी को आगे बढ़ाने की बात करते हैं। उनकी यह सोच कार्यकर्ताओं में नया जोश भर रही है और संगठन को एक सकारात्मक दिशा दे रही है। पटवारी की संवादशीलता और समावेशी दृष्टिकोण ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे संगठन पहले से कहीं अधिक मजबूत और संगठित नजर आता है। जीतू पटवारी को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है, और यह रिश्ता उनके नेतृत्व को और मजबूती देता है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'न्याय यात्रा' के दौरान पटवारी की सक्रिय भागीदारी ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। मध्य प्रदेश में उनकी नियुक्ति को कांग्रेस हाईकमान की उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें युवा और ऊर्जावान नेताओं को आगे लाया जा रहा है।

पटवारी का जोशीला अंदाज और जनता से सीधा संवाद उनकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे वह बीजेपी को कठघरे में खड़ा करना हो, या फिर जनता के मुद्दों को सड़क पर उठाना, पटवारी ने हर मोर्चे पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ें अधिकाधिक नागरिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स को जरूरी निर्देश भी दिए। उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 से संबंधित गतिविधियों और एयर एंबुलेंस सेवा के संबंध में भी चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा परिक्रमा पथ में आश्रय स्थलों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परिक्रमा पथ के 321 स्थानों की पोर्टल पर भी मैपिंग की गई है। परिक्रमावासियों के विश्राम, भोजन के साथ ही संतों के लिए ध्यान कक्ष और कुटिया की व्यवस्था भी इन स्थानों पर की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सभी जिला कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रदेश में पानी बचाने, सहेजने, जल स्त्रोतों के संरक्षण और नए स्त्रोतों के निर्माण कार्यों में नागरिक भी भागीदारी कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक 21 लाख नागरिकों की सहभागिता सामने आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संवर्धन कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में खेत-तालाब के माध्यम से एक लाख हेक्टेयर सिंचाई सुविधा का सृजन करने में सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि खेत-तालाब निर्माण के लिए प्रति किसान 100 रूपए के व्यय पर राज्य शासन पर मात्र 5 रूपए का वित्तीय भार आता है। प्रदेश में वर्तमान में पूर्ण हुए 23 हजार 494 कार्यों पर लागत 634 करोड़ रूपए है। प्रति किसान औसत लागत 2.7 लाख रूपए आई है। प्रदेश में रिमोट सेंसिंग से 7 लाख कूपों की मैपिंग की गई है।



